**NEWS CLIPPING:12.07.2022**

# PIONEER

# सिनेमेटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण पर कार्यशाला शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के जनसंचार एवम मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग में दो दिवसीय सिनेमेटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग विषय पर कार्यशाला शुरू हो गई। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रसिद्ध फिल्म मेकर नवीन चंद शामिल हुए, जिन्होंने विभाग के विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण एवम सिनेमेटोग्राफी की बारीकियों से अवगत करवाया।

विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने श्रीनवीन चंद का विभाग पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की किसी भी फिल्म निर्देशक के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति सिनेमेटोग्राफर होता है। फिल्मकार की कल्पना को सिनेमेटोग्राफर ही कैमरे के माध्यम से साकार करता है। उन्होंने कहा की दो दिवसीय कार्यशाला मीडिया विद्यार्थियों के सिनेमाई कॅरियर में काफी महत्वपूर्ण होने वाली है, क्योंकि छोटा सा किया गया प्रयास कभी नष्ट नही होता। इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी अपने ज्ञान को लगातार अभ्यास के माध्यम से परिष्कृत करते रहें। विभाग के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने कहा कि प्रेक्टिकल ज्ञान मीडिया क्षेत्र की डिमांड है। विभाग विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल ज्ञान देने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों को भी चाहिए कि वे अर्जित ज्ञान का उपयोग करें।


**जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते फिल्म मेकर नवीन चंद।**

कार्यशाला के दौरान नवीन चंद ने बताया कि फिल्म सिनेमेटोग्राफी पूरी तरह से तकनीक के साथ-साथ सृजन आधारित विषय है। इसमें आकर्षक दृश्य उतारने के साथ-साथ सिनेमा व्याकरण की समझ भी जरूरी है। इन्ही बातों को आधार बनाकर अगले दो दिन तक इस कार्यशाला में कैमरा, लैंस, प्रकाश, फ्रेमिंग, रंग-विन्यास, इनडोर-आउटडोर शूटिंग में चुनौतियां इत्यादि विषयों पर विस्तार से संवाद किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING:12.07.2022**

# AAJ SAMAJ

# सिनेमेटोग्राफी व फिल्म निर्माण विषय पर कार्यशाला शुरू



विद्यार्थियों से संवाद करते फिल्म निर्माता नवीन चंद।

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के जनसंचार एवम मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग में दो दिवसीय सिनेमेटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग विषय पर कार्यशाला शुरू हो गई। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रसिद्ध फिल्म मेकर नवीन चंद शामिल हुए, जिन्होंने विभाग के विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण एवम सिनेमेटोग्राफी की बारीकियों से अवगत करवाया। विभागाध्यक्ष डॉ पवन सिंह ने नवीन चंद का विभाग पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की किसी भी फिल्म निर्देशक के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति सिनेमेटोग्राफर होता है। फिल्मकार की कल्पना को सिनेमेटोग्राफर ही कैमरे के माध्यम से साकार करता है। उन्होंने कहा की दो दिवसीय कार्यशाला मीडिया विद्यार्थियों के सिनेमाई करियर में काफी महत्वपूर्ण होने वाली है, क्योंकि छोटा सा किया गया प्रयास कभी नष्ट नही होता। इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी अपने ज्ञान को लगातार अभ्यास के माध्यम से परिष्कृत करते रहें। विभाग के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने कहा कि प्रेक्टिकल ज्ञान मीडिया क्षेत्र की डिमांड है।

विभाग विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल ज्ञान देने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों को भी चाहिए कि वे अर्जित ज्ञान का उपयोग करें। कार्यशाला के दौरान नवीन चंद ने बताया कि फिल्म सिनेमेटोग्राफी पूरी तरह से तकनीक के साथ-साथ सृजन आधारित विषय है। इसमें आकर्षक दृश्य उतारने के साथ-साथ सिनेमा व्याकरण की समझ भी जरूरी है। पहले दिन की कार्यशाला में सिनेमेटोग्राफी में स्पेशल इफेक्ट, कैमरा क्रू, प्रकाश व्यवस्था के बारे ने जानकारी दी। उन्होंने मौखिक रूप से दृश्य प्रस्तुत करते हुए छात्रों से उन दृश्यों को कागज पर स्टोरी-बोर्ड के रूप में उतारने को कहा।

**NEWS CLIPPING:12.07.2022**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस वि.वि के मीडिया विभाग में सिनेमेटोग्राफी एवं फिल्म निर्माण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

फरीदाबाद,11 जुलाई (पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के जनसंचार एवम मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग में दो दिवसीय सिनेमेटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग विषय पर कार्यशाला शुरू हो गई। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रसिद्ध फिल्म मेकर नवीन चंद शामिल हुए, जिन्होंने विभाग के विद्यार्थियों को फिल्म निर्माण एवम सिनेमेटोग्राफी की बारीकियों से अवगत करवाया। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने नवीन चंद का विभाग पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की किसी भी फिल्म निर्देशक के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति सिनेमेटोग्राफर होता है। फिल्मकार की कल्पना को सिनेमेटोग्राफर ही कैमरे के माध्यम से साकार करता है। उन्होंने कहा कि दो दिवसीय कार्यशाला मीडिया विद्यार्थियों के सिनेमाई करियर में काफी महत्वपूर्ण होने वाली है, क्योंकि छोटा सा किया गया प्रयास कभी नष्ट नही होता। इसके लिए जरूरी है कि विद्यार्थी अपने ज्ञान को लगातार अभ्यास के माध्यम से परिष्कृत करते रहें। विभाग के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने कहा कि प्रेक्टिकल ज्ञान मीडिया क्षेत्र की डिमांड है। विभाग विद्यार्थियों को प्रेक्टिकल ज्ञान देने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है। उन्होंने कहा की



*मीडिया के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए फिल्म निर्माता नवीन चंद।*

विद्यार्थियों को भी चाहिए कि वे अर्जित ज्ञान का उपयोग करें। कार्यशाला के दौरान नवीन चंद ने बताया कि फिल्म सिनेमेटोग्राफी पूरी तरह से तकनीक के साथ - साथ सृजन आधारित विषय है। इसमें आकर्षक दृश्य उतारने के साथ-साथ सिनेमा व्याकरण की समझ भी जरूरी है। इन्ही बातों को आधार बनाकर अगले दो दिन तक इस कार्यशाला में कैमरा, लैंस, प्रकाश, फ्रेमिंग, रंग-विन्यास, इनडोर - आउटडोर शूटिंग में चुनौतियां इत्यादि विषयों पर विस्तार से संवाद किया जाएगा। पहले दिन की कार्यशाला के दौरान उन्होंने सिनेमेटोग्राफी में स्पेशल इफेक्ट, कैमरा क्रू, प्रकाश व्यवस्था के बारे ने जानकारी दी। उन्होंने मौखिक रूप से दृश्य प्रस्तुत करते हुए छात्रों से उन दृश्यों को कागज पर स्टोरी-बोर्ड के रूप में उतारने को कहा और साथ ही साथ उसका विश्लेषण भी किया और छात्रों के कार्य को सराहते हुए उन्हें सुझाव भी दिए।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:12.07.2022**

# HINDUSTAN

## छात्रों को सिनेमेटोग्राफी की जानकारी दी

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, में दो दिवसीय सिनेमेटोग्राफी एवं फिल्म मेकिंग विषय पर कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में फिल्म मेकर नवीन चंद शामिल हुए, जिन्होंने फिल्म निर्माण एवम सिनेमेटोग्राफी की बारीकियों से अवगत करवाया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की किसी भी फिल्म निर्देशक के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति सिनेमेटोग्राफर होता है।

NEWS CLIPPING:12.07.2022

# AMAR UJALA

## सिनेमेटोग्राफर पर कार्यशाला

फरीदाबाद। जेसी बोस विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के छात्र कार्यशाला के माध्यम से दृश्य को पर्दे पर दर्शाने की कला सीखने में जुट गए हैं। सोमवार से शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला में नवीन चंद बतौर प्रशिक्षक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि फिल्मी पर्दे पर दिखाई देने वाली कल्पना को सिनेमेटोग्राफर दृश्य बनाते हैं। निर्देशक दृश्य की कल्पना करते हैं। इसे सिनेमेटोग्राफर कैमरे पर उतारता है। फिल्म निर्माता नवीन चंद ने बताया कि प्रयास कितना ही छोटा क्यों न हो, कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने कहा यह कार्यशाला सिनेमा में करियर के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी। जरूरी है कि विद्यार्थी अपने ज्ञान को परिष्कृत करने के लिए अभ्यास करें। ब्यूरो